(ग) एक-वर्षीय पाठ्यक्रम से, हाई स्कूल तथा उसके समकक्ष परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थी अधिक ज्ञान पा सकेंगे। इस पाठ्यक्रम से ऐसे विद्यार्थियों को उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के लिये भी अपेक्षित योग्यता हासिल करने में सुविधा होगी जिन के लिए न्यूनतम योग्यता उच्च माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र है।

ग्रीष्मकालीन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कैम्प

1117. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कलकत्ता में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन इंजीनियर प्रशिक्षण कैम्प लगाया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इसमें कितने इंजीनियर भाग ले रहे हैं ;

(ग) क्या यह कैम्प किन्हीं विदेशियों के सहयोग से लगाया जा रहा है ; और

(घ) यदि हां, तो किस देश की सहायता से लगाया जा रहा है और कितने इंजीनियर विदेशों से आये ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख) मई-जुलाई, 1964 के दौरान, कलकत्ता में इंजीनियरी शिक्षकों के वास्ते दो समर स्कूल (एक जादवपुर में और दूसरा सिवपुर में) संगठित किये गए थे। 128 शिक्षक सम्मिलित हुए।

(ग) और (घ) अन्तर्राष्ट्रीय विकास के लिए संयुक्त राज्य अमरीका की एजेन्सी के सहयोग से स्कूल संगठित किए गए थे। एजेंसी ने सात अमरीकी विशेषज्ञों की सेवाएं अर्पित कीं थीं। इन विशेषज्ञों में से पांच निश्चित रूप से समर स्कूलों के वास्ते अमरीका से आए और दो विशेषज्ञ दूसरे कामों पर पहले से ही भारत में थे।

बम्बई और पिलानी में नये विश्वविद्यालय

1118. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
श्री बिशनचन्द्र सेठ :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइन्सेज, बम्बई और बिड़ला इंस्टट्यूट आफ टेक्नालाजी एंड साइंसेज, पिलानी को विश्वविद्यालय घोषित कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसी घोषणा किन शर्तों पर, यदि कोई हों, की गई है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 के अन्तर्गत इन संस्थाओं को 'विश्वविद्यालय समझा जाए' घोषित किया गया है।

(ख) घोषणा की निम्नलिखित दो शर्तें हैं:—

(i) कि आरम्भ में यह तीन वर्ष तक वैध होगी और उपर्युक्त अवधि समाप्त होने तक उनकी प्रगति पर पुनर्विचार किया जाएगा; और

() अपने संविधानों में वे ऐसे संशोधनों का समावेश करेंगे जो सरकार द्वारा आवश्यक समझे जाएं।

Viswa Bharati University

1119. Shrimati Renu Chakravertty: Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the *per capita* expenditure on students at